राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# समाचार गेट

वर्ष :1, अंक : 98, पेज 8, मूल्य 1 रुपए रविवार 23 जून 2024 TITLE CODE: HARHIN11569

## GST में आएगा पेट्रोल-डीजल? जानें क्या बोलीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार की मंशा हमेशा से पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की रही है और अब राज्यों को एक साथ आकर इसकी दर तय करनी है। उन्होंने कहा कि पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने पेट्रोल और डीजल को जीएसटी कानून में शामिल करने का प्रावधान पहले ही कर दिया है। अब बस राज्यों को एक साथ आकर दर तय करने के लिए चर्चा करनी है। सीतारमण ने कहा, ''जीएसटी का इरादा पेट्रोल और डीजल को जीएसटी में लाना था। अब राज्यों को दर तय करनी है। मेरे पूर्ववर्ती (अरुण जेटली) की मंशा बहुत स्पष्ट थी, हम चाहते हैं कि पेट्रोल और डीजल जीएसटी में आएं।'' जीएसटी को जब एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था, उसमें एक दर्जन से अधिक केंद्रीय और राज्य शुल्कों को शामिल किया गया था। हालांकि, यह फैसला किया गया कि पांच वस्तुओं - कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर जीएसटी कानून के तहत बाद में कर लगाया जाएगा। सीतारमण ने कहा कि जीएसटी लागू करते समय केंद्र सरकार की मंशा थी कि कुछ समय बाद पेट्रोल और डीजल को जीएसटी में लाया जाए। उन्होंने कहा, ''इसे जीएसटी में लाने का प्रावधान पहले ही किया जा चुका है। अब सिर्फ यह फैसला करना है कि राज्य जीएसटी परिषद में सहमत हों और फिर तय करें कि वे किस दर के लिए तैयार होंगे।'' सीतारमण ने जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, ''एक बार यह निर्णय हो जाने के बाद इसे अधिनियम में शामिल कर दिया जाएगा।

# BJP में घमासान! शांत नहीं हुई बालियान और संगीत सोम की सियासी जंग

## अमित शाह को चिट्ठी लिख कर दी ये बड़ी मांग



**मुजफ्फरनगर।** लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के पश्चात पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डा. संजीव बालियान और सरधना के पूर्व विधायक संगीत सोम के बीच छिड़ी राजनीतिक जंग अभी शांत नहीं हुई है। अब डा. संजीव बालियान ने केंद्रीय गृहमंत्री को पत्र भेजकर मांग की है कि उन पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की सीबीआइ अथवा अन्य उच्च एजेंसी से जांच कराई जाए क्योंकि बीते दस वर्षों में उन्होंने ऐसा कोई कार्य नहीं किया, जिससे सिर झुकाना पड़े। बता दें कि गत चार जून को लोकसभा चुनाव परिणाम आया था। उसमें भाजपा प्रत्याशी डा. संजीव बालियान लगभग 24 हजार वोटों के अंतर से चुनाव हार गए थे। इसके पश्चात 10 जून को डा. संजीव बालियान ने सरकुलर रोड स्थित होटल में प्रेसवार्ता कर हार के कारण गिनाए थे। साथ ही सरधना के पूर्व विधायक संगीत सोम का नाम लिए बगैर आरोप लगाया था कि इन्होंने सपा को चुनाव लड़ाया। इसके अगले ही दिन पूर्व विधायक संगीत सोम ने मेरठ में कैंट स्थित अपने आवास पर प्रेसवार्ता की थी, जिसमें कहा था कि संजीव बालियान अपने घर में खुद की गलतियों से हारे हैं। इसी दौरान एक पत्र इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था, जिसमें डा. संजीव बालियान पर भ्रष्टाचार समेत कई तरह के गंभीर आरोप लगाए गए थे। हालांकि पूर्व विधायक संगीत सोम ने कहा था कि ऐसा कोई पत्र उन्होंने वितरित नहीं किया। अब शनिवार को एक और पत्र इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ, जो डा. संजीव बालियान की तरफ से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को लिखा गया है। उसमें कहा है कि मुजफ्फरनगर जिले के हालात बदलने में दस साल अभूतपूर्व कार्य किया है। पूर्व विधायक के लैटर हेड पर पत्रकारों को जो पत्र जारी किया गया, उसमें भ्रष्टाचार संबंधी आरोप लगाए गए हैं, मैं इनका खंडन करता हूं, यह सभी निराधार और असत्य हैं।

गृहमंत्री से मांग की है कि सभी आरोपों की सीबीआइ अथवा उच्च एजेंसी से जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई देश के सामने आ सके और षड़यंत्रकारियों का चेहरा बेनकाब हो सके। हालांकि यह पत्र डा. संजीव बालियान ने भेजा है या नहीं, इसकी पुष्टि नहीं हुई। क्योंकि इसके संबंध में जब डा. संजीव बालियान का पक्ष जानना चाहा तो उन्होंने काल रिसीव नहीं की। वाट्सएप पर भेजे मैसेज का भी जवाब नहीं दिया। धोखा...आज मेरी बारी, कल तेरी होगी एक दिन पहले ही डा. संजीव बालियान की पत्नी डा. सुनीता बालियान ने अपने फेसबुक पर अकाउंट से एक पोस्ट डाली थी। उसमें लिखा था कि धोखा कलयुग का प्रसाद है। बारी-बारी सबको मिलेगा। आज मेरी बारी है, कल तेरी होगी। उनकी यह पोस्ट इंटरनेट मीडिया पर खूब सुर्खियों में रही। लोगों ने उस पर अपनी प्रतिक्रिया भी जाहिर की।

इससे भाजपा की अंतर्कलह और भितरघात को लेकर तमाम चर्चा रही, जो चुनाव में धोखा देने वालों के लिए की गई।

## NTA के महानिदेशक सुबोध कुमार पद से हटाए गए



**नई दिल्ली।** एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को उनके पद से हटा दिया गया है। इसी के साथ उन्हें अनिवार्य वेट करने के लिए कहा गया है। बताया गया है कि हालिया परीक्षाओं में अनियमितताओं के मद्देनजर केंद्र सरकार ने यह फैसला किया है। बताया गया है कि भारतीय व्यापार प्रचार संगठन के चेयरमैन और एमडी प्रदीप सिंह खरोला को एनटीए के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। एनटीए कराती है ये बड़ी परीक्षाएं एनटीए द्वारा आयोजित कुछ प्रमुख परीक्षाओं में जेईई मेन और एडवांस (इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाएं), नीट (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा झ्र मेडिकल), सीयूईटी (केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा), यूजीसी नेट (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा) शामिल हैं। इसके अलावा, यह संस्था विभिन्न राज्य पात्रता परीक्षाओं (NET SET), जूनियर रिसर्च फैलोशिप (JRF) परीक्षा, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा (AIIMS PG) और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (आईजीएनओयू) पर-ीक्षाओं का भी आयोजन करती है। इनके अलावा, एनटीए CMAT और GPAT जैसी परीक्षाएं भी आयोजित कराती है। सीमैट देश के प्रबंधन संस्थानों में एडमिशन के लिए और जीपैट फामेर्सी संस्थानों में मास्टर्स प्रोग्राम में दाखिले के लिए कराए जाते हैं। एनटीए के पास शिक्षा प्रशासकों, विशेषज्ञों, शोधकताओं और मूल्यांकन डेवलपर्स की एक टीम होती है, जिनका मानना है कि वैज्ञानिक रूप से डिजाइन और ठीक से किए गए असिसमेंट भारत के स्कूलों में शिक्षण प्रक्रियाओं को बेहतर बना सकते हैं। इसकी नौ सदस्यीय कोर टीम में टेस्ट आइटम राइटर्स, शोधकर्ता और मनोचिकित्सक और शिक्षा विशेषज्ञ शामिल होते हैं।

## पानी संकट पर AAP ने LG को लिखी चिट्ठी, कल सांसद- विधायक और नेता करेंगे मुलाकात



**नई दिल्ली।** पानी के संकट पर राजनीति तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी ने शनिवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना को चिट्ठी लिखी है। और रविवार को आप के सांसद, विधायक और नेता मुलाकात के लिए जाएंगे। बता दें कि रविवार सुबह 11 बजे आप नेता उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मिलने जायेंगे। यह मुलाकात पानी की समस्या को लेकर होगी। जेल में सीएम केजरीवाल का वजन गिरना लगातार जारी है। अब तक 8 किलो वजन गिर गया है। आम आदमी पार्टी ने कहा कि सीएम केजरीवाल का लगातार वजन कम होना बेहद चिंताजनक है। 21 मार्च को गिरफ्तारी के दौरान सीएम का वजन 70 किलो था और 2 जून को वजन घटकर 63.5 किलो हुआ। शनिवार 22 जून को वजन और घटकर 62 किलो हो गया। आप ने कहा कि एम्स के मेडिकल बोर्ड ने सीएम केजरीवाल के घटते वजन को देख उनकी डाइट में पराठा और पूड़ी भी शामिल करने के लिए कहा है। एम्स ने अभी तक केवल खून से संबंधित कुछ टेस्ट ही करवाएं हैं, हार्ट और कैंसर से संबंधित टेस्ट अब तक नहीं हुए हैं। आगे कहा कि केजरीवाल के वजन लगातार घटने को मैक्स के डाक्टरों ने गंभीर माना था और कई टेस्ट कराने को कहा था, जिसके लिए सीएम केजरीवाल ने अंतरिम जमानत 7 दिन बढ़ाने की मांग की थी।

## NEET परीक्षा स्कैम के बाद अब प्रतियोगी परीक्षाओं को बनाया जाएगा फुलप्रूफ



**नई दिल्ली।** पेपर लीक के मामलों के बाद गंभीर सवालों और संदेह के घेरे में आए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) में आमूलचूल परिवर्तन और प्रतियोगी परीक्षाओं पर छात्रों का भरोसा कायम करने के लिए शिक्षा मंत्रालय ने इसरो के पूर्व अध्यक्ष डाक्टर के राधाकृष्णन की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। समिति को पूरी परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार और प्रश्नपत्र समेत अन्य डाटा की सुरक्षा के प्रोटोकाल में सुधार के साथ ही एनटीए की संरचना और कार्यप्रणाली में सुधार के लिए सुझाव देने की जिम्मेदारी दी गई है। समिति दो महीने में सरकार को अपनी रिपोर्ट देगी। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सरकार प्रतियोगी में ''जीरो एरर'' के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नीट और यूजीसी-नेट की परीक्षा के प्रश्नपत्रों के लीक होने की घटनाओं ने सरकार के सामने नई चुनौती पेश की है। इससे निपटने के लिए एनटीए की कार्यप्रणाली के साथ-साथ प्रश्नपत्रों की सुरक्षा को सुरक्षा को फुलप्रूफ बनाने की जरूरत है। इसी को ध्यान में रखते हुए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है, जो पूरी परीक्षा प्रक्रिया का विश्लेषण कर उसकी दक्षता में सुधार और किसी भी संभावित उल्लंघन को रोकने लिए उपाय सुझाएगी। इसके साथ ही समिति को परीक्षा के लिए तय मानदंडों का सभी स्तरों पर अनुपालन सुनिश्चित करने और उसके लिए निगरानी तंत्र तैयार करने का उपाय बताने को कहा गया है। सबसे अहम है कि समिति विभिन्न परीक्षाओं में पेपर सेटिंग से लेकर उन्हें परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के पूरी प्रक्रिया की जांच कर उन्हें फुलप्रूफ बनाने का सुझाव भी देगी, ताकि भविष्य में पेपर लीक की घटनाओं को पूरी तरह से रोका जा सके। समिति में डाक्टर के राधाकृष्णन के साथ-साथ एम्स के पूर्व निदेशक डाक्टर रणदीप गुलेरिया, केंद्रीय विश्वविद्यालय हैदराबाद के कुलपति प्रोफेसर बी जे राव, आ-इआइटी मद्रास के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर एमे-रटस राममूर्ति के, पीपल स्ट्रांग व कर्मयोगी भारत के सह संस्थापक पंकज बंसल, आइआइटी दिल्ली के डीन स्टूटेंड अफेयर्स प्रोफेसर आदित्य मित्तल और शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोच्वद जायसवाल इसके सदस्य होंगे।

## मुकेश अंबानी के डीपफेक वीडियो के झांसे में आई मुंबई की डॉक्टर, 7 लाख रुपये की हुई ठगी!



**नई दिल्ली।** उद्योगपति मुकेश अंबानी के डीपफेक वीडियो का इस्तेमाल करने वाले जालसाजों ने मुंबई के एक डॉक्टर से 7 लाख रुपये की ठगी की है। पीड़ित, अंधेरी में रहने वाले 54 वर्षीय आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. केएच पाटिल है। जिन्होंने अप्रैल में इंस्टाग्राम पर वीडियो देखने के बाद घोटाले का शिकार हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मुंबई के अंधेरी इलाके में रहने वाली एक 54 साल की आयुर्वेद डॉक्टर शेयर ट्रे-डिंग घोटाले का शिकार हुई। इस घोटाले में महिला अपने 7 लाख रुपये से अधिक ठगी हुई। डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि वह 15 अप्रैल को अपने मोबाइल पर रील देख रही थी कि तभी उसके इंस्टाग्राम पर उद्योगपति मुकेश अंबानी का एक डीपफेक वीडियो दिखाई दिया। जिसमें वह किसी कंपनी की तारीफ कर रहे थे और लोगों को हाई रिटर्न के लिए कंपनी में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित कर रहे थे।

डॉ. पाटिल ने बताया कि समर्थन को वास्तविक मानते हुए, डॉ. पाटिल ने समूह की ऑनलाइन खोज की और पाया कि कथित तौर पर उनके लंदन और मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में कार्यालय थे, जिससे उन्हें उनकी वैधता के बारे में और भी विश्वास हो गया। FIR के मुताबिक, डॉ. पाटिल ने अकादमी से ऑनलाइन संपर्क किया और मई से जून के बीच कुल 7.1 लाख रुपये का निवेश किया। उसे एक खाता प्रदान किया गया जहां वह अपने निवेश की निगरानी कर सकती थी, जिसमें तुरंत 30 लाख रुपये से अधिक का लाभ दिखाया गया। हालांकि, जब उसने इस महीने की शुरूआत में मुनाफा वापस लेने का प्रयास किया, तो उस-के प्रयास बार-बार विफल रहे। फिर उन्हें महसूस हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है, डॉ. पाटिल ने दोस्तों से सलाह ली जिन्होंने उन्हें पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी।

## आप बोली- जेल में CM केजरीवाल का वजन गिरना लगातार जारी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने शनिवार को इस बात की जानकारी दी कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का वजन तिहाड़ जेल में लगातार कम हो रहा है और यह चिंताजनक है। पार्टी ने बताया कि अब तक केजरीवाल के वजन में आठ किलो की गिरावट आ चुकी है। 21 मार्च को गिरफ्तारी के दौरान सीएम का वजन 70 किलो था, दो जून को वजन घटकर 63.5 किलो हुआ और आज (22 जून) वजन और घटकर 62 किलो हो गया। पार्टी ने कहा कि एम्स के मेडिकल बोर्ड ने सीएम केजरीवाल के घटते वजन को देख उनकी डाइट में पराठा और पूड़ी भी शामिल करने के लिए कहा है। एम्स ने अभी तक केवल खून से संबंधित कुछ टेस्ट ही करवाएं हैं, हार्ट व कैंसर से संबंधित टेस्ट अब तक नहीं हुए हैं।

सीएम केजरीवाल के वजन लगातार घटने को मैक्स के डॉक्टरों ने गंभीर माना था और कई टेस्ट कराने को कहा था, जिसके लिए सीएम केजरीवाल ने अंतरिम जमानत सात दिन बढ़ाने की मांग की थी।

## बिहार में नहीं थम रहा पुल गिरने का सिलसिला, अररिया के बाद सीवान में नहर पर बना ब्रिज हुआ धड़ाम



**सिवान:** बिहार में एक सप्ताह से भी कम समय में पुल ढ़हने की एक दूस-री घटना शनिवार को सामने आयी। सिवान जिले में एक छोटा पुल ढ़ह गया लेकिन इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। सिवान के जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने बताया, ह्यह्ययह पुल दरौंदा और महाराजगंज प्रखंडों के बीच से गुजर रही एक नहर पर बनाया गया था जो सुबह लगभग पांच बजे अचानक ढह गया। इस घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ। यह एक बहुत पुरानी संरचना थी और जाहिर तौर पर नहर में पानी छोड़े जाने पर खंभे धंस गए। हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि जब तक इसे बहाल नहीं किया जाता है, तबतक प्रभावित गांवों के निवासियों को यथासंभव कम से कम असुविधा हो।'' दरौंदा के प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) सूर्य प्रताप सिंह ने कहा, ह्यह्यस्थानीय लोगों का दावा है कि पुल 1991 में महाराजगंज के तत्कालीन विधायक उमा शंकर सिंह के योगदान से बनाया गया था।'' महाराजगंज अनुमंडल अधिकारी अनिल कुमार ने हादसे की पुष्टि करते हुए कहा, ह्यह्य20 फुट लंबी ईंट की यह संरचना विधायक के स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से बनाई गई थी । मामले (पुल ढ़हने की घटना की) की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।'' इससे पहले मंगलवार को अररिया जिले में लगभग 180 मीटर लंबा एक नवनिर्मित पुल ढह गया था, जिसके बाद ग्रामीण कार्य विभाग ने संबंधित कार्यपालक एवं कनीय अभियंता को निलंबित करते हुए मामले की जांच शुरू की थी। इस बीच राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि राज्य में लगातार दो पुल गिर जाने के बावजूद प्रशासन द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, वह चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा कि जनता समय पर जवाब देगी।

## चुनावों के बाद प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, तीन आईएएस और 16 आईपीएस अधिकारियों के हुए तबादले




**लखनऊ:** लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद प्रदेश में तबादलों का दौर शुरू हो गया है। शनिवार को प्रदेश सरकार ने 16 वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया है। साथ ही तीन आईएएस अधिकारियों का भी तबादला हुआ है। करीब दो साल से तैनात लखनऊ के पुलिस कमिश्नर एसबी शिराडकर और प्रयागराज के कमिश्नर रमित शर्मा समेत कुल 16 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। इनमें एडीजी और आ-ईजी स्तर के कई अधिकारी शामिल हैं। लखनऊ जोन के एडीजी अमरेन्द्र सेंगर को शिराडकर के स्थान पर पुलिस कमिश्नर और शिराडकर को सेंगर के स्थान पर एडीजी लखनऊ जोन बनाया गया है। इसी तरह लखनऊ रेंज के आईजी तरुण गाबा को प्रयागराज का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी आदेश के मुताबिक रमित शर्मा को बरेली जोन का एडीजी नियुक्त किया गया है। रमित शर्मा पहले बरेली में आ-ईजी रह चुके हैं। यहां से प्रयागराज कमिश्नरी के गठन के बाद रमित शर्मा को वहां का पहला पुलिस कमिश्नर बनाया गया था। तभी से वह जमे थे। वहीं, प्रेम चंद्र मीना को एडीजी बरेली जोन से हटाकर एड-ीजी व सीएमडी पुलिस आवास निगम बनाया गया है। जबकि हाल में केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे विनोद कुमार सिंह को एडीजी साइबर क्राइम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, एडीजी रेलवे के पद से जयनारायण सिंह को हटाकर पीटीसी सीतापुर भेजा गया है। उनके स्थान पर एडीजी व सीएमडी पुलिस आवास निगम रहे प्रकाश डी को एडीजी रेलवे बनाया गया है। एडीजी विशेष सुरक्षा बल एलवी एंटनी देव कुमार को एडीजी सीबीसीआईडी की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि एडीजी सुरक्षा रघुबीर लाल को एडीजी विशेष सुरक्षा बल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एडीजी सीबीसीआईडी रहे के सत्यानारायण को एडीजी यातायात एवं सड़क सुरक्षा बनाया गया है और इस पद पर तैनात बीडी पॉल्सन प्रशिक्षण निदेशालय में एडीजी बनाया गया है । प्रदेश सरकार ने शनिवार को तीन आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। अपर महानिदेश-ाक कारागार चित्रलेखा सिंह को विशेष सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा बनाया गया है। विशेष सचिव वित्त समीर को अपर महानिदेशक कारागार बनाया गया है। विशेष सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा अमरनाथ उपाध्याय को राजस्व परिषद में सदस्य न्यायिक की जिम्मेदारी दी गई है। आईजी ईओडब्ल्यू रहे प्रशांत कुमार-द्वितीय को लखनऊ परिक्षेत्र का नया आईजी बनाया गया है।

जबकि गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट में उपायुक्त रहे विद्यासागर मिश्रा को रामपुर का एसपी बनाया गया है और यहां के एसपी राजेश द्विवेदी को एसएसपी कुंभ मेला प्रयागराज की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि बरेली में एसपी क्षेत्रीय अभिसूचना के पद पर तैनात यमुना प्रसाद को गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट में उपायुक्त बनाया गया है।

# संत कबीर की शिक्षाएं समाज को आज भी दे रही दिशा



**कनीना सुनील दीक्षित**

संत कबीर की शिक्षाएं आज भी समाज को दिशा दे रही हैं। ये विचार कंवरसैन वशिष्ठ ने शनिवार को कनीना में आयोजित संत कबीर जयंति के उपलक्ष्य में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जो दो लोगों या कामों के बी में फंस जाता है उसका जीवन अशांत हो जाता है। संत कबीर से जुडी मान्यता के मुताबिक वाराणसी,काशी के पास लहरतारा तालाब किनारे निरू ओर नीमा नामक मुस्लिम दंपति को एक नवजात शिशु मिला था। बडा होकर ये शिशु कबीर नाम से प्रसिद्व हुआ। कबीरदास का घर आज भी चौरा मठ क्षेत्र के नाम से प्रसिद्व है। वे 15वीं सदी के रहस्यवादी कवि ओर संत थे। उनकी रचनाएं गुरूग्रंथ साहिब में भी निहित हैं। कबीरदार बुद्वि से गंभीर थे तथा जाति-पाति से दूर रहकर भक्ति करते थे।

# दक्षिण हरियाणा में बारिश के इंतजार में लेट हुई खरीफ फसल की बिजाई

## ज्येष्ठ माह बीता सूखा,आषाढ में बन रही मॉनसून वाली बारिश की संभावना

**कनीना सुनील दीक्षित**

दक्षिण हरियाणा में सावनी,खरीफ फसल के रूप में जानी जाने वाली बाजरे की फसल बिजाई इस बार ज्येष्ठ माह के सूखा बीतने के कारण न हो सकी। किसान बारिश के इंतजार में बैठे हैं। कहने को तो सामान्यतया ज्येष्ठ मास में बारिश हो जाती थी,ओर बारिश के बाद जोर-शोर से बाजरे की फसल बिजाई कर दी जाती थी। जिसकी बंपर पैदावार होती थी। ज्येष्ठ माह में लगा बाजरा मॉनसून की बारिश आने तक युवा अवस्था में पंहुच जाता था लिहाजा अत्यधिक बारिश के बावजूद भी उसमें नुकसान की संभावना न के बराबर होती थी। ज्येष्ठ मास में बिजाई किए गए बाजरे की फसल गोगा नवमी तक पककर तैयार हो



जाती थी। शनिवार को ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा के बाद अब आषाढ मास में बारिश की उम्मीद जताई जा रही है। आषाढ माह में बारिश के बाद बाजरे की बिजाई की जाती है तो उसके मॉनसून की बारिश की चपेट में आने की संभावना अधिक रहेगी। बिजाई किए गए बाजरे का भूमि से फुटाव होने के समय बारिश होती है तो रपट,पुनरू बिजाई की अधिक संभावना रहती है। समय-समय पर बारिश न होने पर भी फसल पर विपरीत प्रभाव पडता है। देखा जाए तो ये फसल पूर्ण रूप से बारिश पर आधारित है। बारिश समय पर होने से किसानों की लॉटरी लगती है। बारिश देरी से होने तथा न होने पर अकाल जैसे हालात पैदा हो जाते हैं। बाजरे की पैदावार न होने पर पशु चारा महंगा हो जाता है। किसानों की हालत भी दयनीय हो जाती है। लेकिन किसान पूरी तैयारी के साथ आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। 29 जून से मॉनसून की बारिश होने की संभावना है। बारिश के बाद सावनी फसल बिजाई होगी। बारिश के चलते किस हद तक फसल लग पाती है ये अभी भविष्य के गर्भ में है। इस बारे में कृषि विभाग के एडीओ विकास कुमार ने बताया कि कनीना कनीना क्षेत्र में 34 हजार हैक्टेयर कृषि योगय भूमि में से करीब 20 हजार हैक्टेयर भूमि पर बाजरे की फसल उगाई जाती है। इस बार बारिश न होने से बाजरे की बिजाई नहीं की जा सकी है।

# आसमान से बरसने वाली आग से पेड झुलसे

## सब्जि तथा फलों के रेट आसमान छूने लगे

**कनीना सुनील दीक्षित**

आसमान से बरसने वाली आग से पेड-पौधे भी झुलसने लगे हैं। प्रचंड गर्मी के कारण कीचन गार्डन में लगे फलदार पौधों पर आया फॉल सुखकर गिर गया है वहीं पत्ते झुलस कर मुरझा गए है। गुढा गांव में लगाए गए नींबू,अमरूद,अनार के पौधे वीरान हो गए हैं। फल-सब्जियां खराब होने से उनके दाम आसमान छूने लगे हैं। पूरे ज्येष्ठ माह बरसी आग की तपन मॉनसून की बारिश आने पर राहत दे सकती है।

जून माह के अंतिम सप्ताह में बारिश की उम्मीद है। ईधर भीषण गर्मी के चलते घरों की दीवारें भी लाल होने से रात व दिन गर्म हो चले। कूलर-पंखे भी ठंडी हवा देने से जवाब देने लगे। हीट वेव का असर पशु-पक्षियों पर भी दिखाई दिया। पेयजल की तलाश में ईधर-उधर भटकते जंगली जीव-जंतुओं के जीवन पर संकट के बादल मंडरा गए। गर्मी से बचाव के लिए कूलर-पंखे,एसी लगातार चलने से बिजली की खपत में भी बढौतरी हुई। 132 कवी पावर ग्रिड सब स्टेशन नांगल मोहनपुर व कनीना पावर हाऊस में बिजली निगम कर्मचारी बिजली उपकरणों के सामने हाई स्पीड पंखे चलाकर उनका तापमान बराबर रखने का प्रयास कर रहे हैं।

## ढाणा में पुलिस द्वारा खेल प्रतियोगिता आयोजित कर युवाओं को दिया नशे से दूर रहने का संदेश

**कनीना सुनील दीक्षित**

पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के दिशा निर्देशन में आमजन को नशे दूर रहने तथा खेलों को अपनाने का संदेश दिया जा रहा है। नशे के नेक्सस को तोडने के लिए कार्रवाई भी की जा रही है। इसी कडी में जिला पुलिस द्वारा 26 जून तक नशा मुक्त हरियाणा पखवाड़ा चलाया जा रहा हे। जिसके तहत गांव ढाणा में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया; जिसमें ग्रामीण युवकों ने बढचढ कर हिस्सा लिया। खेल प्रतियोगिता में वॉलीबाल और दौड़ शामिल थी। जिसमें विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। दौड़ में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। थाना प्रबंधक निरीक्षक मुकेश कुमार ने युवाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और साथ ही नशे का कारोबार करने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है जो अपराध का कारण भी है। उन्होंने कहा कि अनेक युवा जो नशे में किसी कारणवश धंस जाते हैं और फिर उस नशे की पूर्ति के लिए कोई भी आपराधिक वारदात करने से नहीं हिचकिचाते। नशा मुक्त व अपराधमुक्त समाज की स्थापना के लिए सामुहिक रूप से प्रयास करने होगें। उन्होंने खेलों के माध्यम से युवाओं व ग्रामीणों को नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए नशा न करने की शपथ भी दिलाई।

# 17 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया जनस्वास्थ्य मंत्री ने

## जमीन उपलब्ध होने पर बनवाया जाएगा वाटर टैंक : डा. बनवारी लाल

**समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** लोकनिर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने आज रेवाड़ी जलघर परिसर में 17 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दक्षिण हरियाणा के घर-घर तक पानी पहुंचाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर को नल से जल देने के लिए जल जीवन मिशन कार्यक्रम को लागू किया था। मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में इस मिशन को सफलता पूर्वक चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज नया गांव में एक करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से बन कर तैयार हुए नए जल घर का शुभारंभ किया गया है। इस जल घर के बनने से नया गांव और आसपास रहने वाले ग्रामीणों को उनके घर पर 70 लीटर प्रति व्यक्ति के हिसाब से नहरी पानी की सप्लाई दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए रेवाड़ी जलघर परिसर में करीब पांच करोड़ रुपए की लागत से नए कार्यालय भवन का निर्माण किया जाएगा। जिसका आज शिलान्यास किया गया। इसी प्रकार रेवाड़ी शहर के रामपुरा और वार्ड 24 से 31 तक की आबादी के लिए बनाए गए एसटीपी प्लांट की क्षमता को 6.5 एमएलडी से बढ़ाकर 10 एमएलडी का किया जा रहा है। जिस पर 10 करोड़ 31 लाख 55 हजार की राशि खर्च होगी। इस कार्य का भी आज




शिलान्यास हुआ। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि आम जन को पानी बेकार बहाने की बजाय जल का संरक्षण करना चाहिए। उनका प्रयास है कि रेवाड़ी शहर में सुचारू जलापूर्ति के लिए वाटर स्टोरेज टैंक का निर्माण करवाया जाए। इस परियोजना के लिए जमीन मिलते ही काम शुरू कर दिया जाएगा। लोगों को भी अपने घरों में बरसात का पानी इकट्ठा करके रखना चाहिए।

नया जल घर देने के लिए नया गांव की पंचायत ने मंत्री डा. बनवारी लाल को पगड़ी भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षण अभियंता सतीश राठी, कार्यकारी अभियंता विनय प्रकाश, रविन्द्र गोठवाल, अशोक यादव, एसडीओ इंद्रजीत यादव, भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली, एवं चेयरमैन जितेंद्र, दलेल सिंह चौहान, नगर पार्षद कुसुम लता, सतेंद्र, सरपंच विशुपाल इत्यादि मौजूद रहे।

# भागवत कथा का श्रवण करने से जन्म जन्मांतर के पापों का नाश हो जाता है: रामबाबू शास्त्री

## महावीर नगर में संगीतमय भागवत का हुआ शुभारंभ

**समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ीः** के कालाका रोड महावीर नगर में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया है। पहले दिन कथा माहात्मय का व्याख्यान करते हुए कथावाचक रामबाबू शास्त्री, बालाजी धाम वाले ने कहा कि रामायण महापुराण हमें आदर्श के साथ जीवन जीने के तरीके सिखाती है और श्रीमद् भागवत महापुराण हमें मरना कैसे है ये सिखाती है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा वह अमृत है, जिसके पान से भय, भूख, रोग व संताप सब कुछ स्वतः ही नष्ट हो जाता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को मन, बुद्धि, चित एकाग्र कर अपने आप को ईश्वर के चरणों में समर्पित करते हुए भागवत कथा को ध्यानपूर्वक सुनना चाहिए। श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने से जन्म जन्मांतर के पापों का नाश हो जाता है। पंडित विकास शास्त्री एवं गोविंद भारद्वाज ने बताया की 21 जून से 28 जून तक चलने वाली




महावीर नगर में आयोजित इस विशाल संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ, जिसकी शुरूआत शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हुई। कथा वाचक रामबाबू शास्त्री बाँदीकुई वाले हैं।

कथा के पहले दिन पूरे नगर के महिलाओं के द्वारा सैकड़ो की संख्या में कलश यात्रा में अपनी सहभागिता दी गई। आयोजन स्थल से कालाका रोड के मुख्य मार्ग होते हुए गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान महावीर नगर के लोगो द्वारा घर-घर दरवाजे पर कलश आरती का आयोजन कर उनका स्वागत किया गया।

कथा 3 बजे से 7 बजे तक आयोजित की जा रही है। जिसमें पहले दिन देवी पूजन, पोथी पूजन व भागवत माहात्मय का व्याख्यान करते हुए भक्ति ज्ञान वैराग्य का बहुत ही सुन्दर वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि इस कलयुग में केवल भगवान का नाम जपने भर मात्र से सहज ही भक्ति की प्राप्ति हो जाती है।

## मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना का केएलपी कॉलेज में 24 को निकाला जाएगा ऑनलाइन ड्रा




**समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** एडीसी अनुपमा अंजलि ने बताया कि डीसी राहुल हुड्डा के आदेश की अनुपालना में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत सोमवार 24 जून को दोपहर 12 बजे शहर के केएलपी कॉलेज में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्लेटफार्म पर प्लाट आवंटन के लिए कमेटी के समक्ष ऑनलाइन ड्रा निकाला जाएगा। उन्होंने इस संबंध में एसपी रेवाड़ी को सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एस्टेट मैनेजर डीएचएफए रेवाड़ी एवं सदस्य सचिव को पूरी ऑनलाइन ड्रा प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एक्सईएन डीएचबीवीएन को बिजली सप्लाई के पुख्ता प्रबंध करने के साथ-साथ पावर बैकअप के साथ जनरेटर सेट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

# किसानो को उचित मुआवजा राशि मिले- राजीव मतानी

**सोनिका सूरा**

गाँव बिधवान के ग्रामीण पिछले 9 दिनों से गाँव धरने पर बैठे है` गौरतलब है की बिजली की लाइन के लिए खेतो मे बड़े खम्बे रोपे जा रहे है` एक खम्बा लगभग 16 फिट जगह को रोक रहा है और किसानो को उसकी एवज मे कोई मुआवजा नही मिल रहा है इसी को ले कर आज धरने पर लोहारू कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजीव मतानी ने किसानो के बीच जा कर उनका समर्थन किया और किसानो मजदूरों की हर लड़ाई मे कंधे से कंधा मिला कर खड़ा होने का आश्वासन दिया उन्होंने कहा की किसानो की जो जमीन खम्बे रोपने से खराब हो रही है उसका उचित मुआवजा सरकार किसानो को दे साथ मे हल्का अध्यक्ष धर्मवीर दूहन ने भी धरने को सम्बोधित करते हुए



कहा की युवा कांग्रेस के सभी साथी और पदाधिकारी बिधवान गाँव के साथ तन मन धन से खड़े है और किसान मजदूर का शोषण सरकार द्वारा किया जायेगा तो हम उसका डट कर विरोध करेंगे धरने पर राजकुमार साहरण, देवेंद्र सोनी, राजेश दूहन, बालकिशन दूहन, सुमित साहरण, विनोद बाबल, नवीन, राहुल बेनीवाल, और अनेक कांग्रेस कार्यकर्त्ता उनके साथ धरने पर शामिल रहे`

# भवन निर्माण श्रमिक संघ हरियाणा के जिला महामंत्री बने संदीप खेड़ा

**सोनिका सूरा**

भवन निर्माण श्रमिक संघ संबधित भारतीय मजदूर संघ का जिला अधिवेशन संत कबीर धर्मशाला सिवानी में हुआ` जिसमे मुख्य अतिथि श्रम कल्याण बोर्ड के चेयरमैन नरेश जांगड़ा जी, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष और श्रम कल्याण बोर्ड सदस्य राममेहर जांगड़ा ने की और कार्यक्रम के अतिथि भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री देवी लाल, बीएमएस जिला अध्यक्ष संदीप और प्रदेश महामंत्री रवि कुमार की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के आयोजक विनोद खेड़ा ने बताया कि श्रम विभाग से क्षेत्र की श्रमिक की बेटियो को स्कूटी वितरण की गई और मजदूरों को समान प्रतीक दिया गया। चेयरमैन नरेश जांगड़ा जी ने श्रमिको को श्रम कल्याण बोर्ड से मिलने वाली कन्यादान,बेटी को कालेज जाने के लिए स्कूटी,और सभी




श्रमिक हित में चल रही योजनाओं के बारे बताया और सभी श्रमिको को पूरे प्रदेश में आ रही समस्याओं के समाधान करवाने के लिये सभी को आश्वस्त किया। इस मौके पर आए सभी मुख्य अतिथि और अतिथि के हाथो से श्रमिक की बेटीयो को स्कूटी वितरण करवाई , प्रांत के संघठन मंत्री देवी लाल गुराना जी ने जिला भिवानी की घोषणा की जिसमे जिला अध्यक्ष राकेश मोरका,जिला महामंत्री संदीप खेड़ा,सुनीता पंवार को कोषाध्यक्ष,राहुल जमालपुर और जगदीश वर्मा को उपाध्यक्ष, सहसचिव जगदीश रैगर, सरोज सडवा, सलाहकार राजेंद्र तंवर, सुनीता घंघाला, मिडिया प्रभारी प्रीतम गुणपाल, मदन तलवानी, सदस्य ज्योति बापोड़ा,अनीता, संजू और सुनीता भिवानी को प्रदेश अध्यक्ष रामेमहर जांगड़ा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को गोपनीयता की शपथ दिलाई और श्रमिक हित में काम करने का संदेश दिया, इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष रजत,विजय,मोमिन,वंदना, गोवर्धन,आजाद,रोहतास,संदीप, बलवान,कृष्ण, सुरेश, सचिन,अजय, नसीब,सिलोचना,सुमन,धापा,राजबाला, सुनहरी,रीना,बबीता मोरका, भारती, योगिता,कमला,शिमला आदि क्षेत्र के सैकडो मजदूरों ने भाग लिया।

## पीडब्ल्यूडी मंत्री को टीचर्स ने सौंपा ज्ञापन ऑनलाइन ट्रांसफर पोर्टल खोलने की मांग



**समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिले में टीजीटी और पीजीटी अध्यापकों ने शनिवार को जनस्वास्थ्य एवं लोक निर्माण मंत्री डा. बनवारी लाल से मुलाकात करते हुए उन्हें अपनी मांगों का एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें मंत्री से मांग की गई कि सामान्य तबादले की प्रकिया जल्द से जल्द शुरू की जाए। ट्रांसफर पोर्टल खोला जाए और सभी वर्गों का ट्रांसफर किया जाए, ताकि नए सत्र से नए विद्यालयों में शिक्षक अपना कार्यभार संभाल सकें।

ज्ञापन देने पहुंचे अध्यापक महीपाल सिंह, विपुल यादव, परमाल सिंह और प्रमोद कुमार ने मंत्री डा. बनवारी लाल को कहा कि यदि ऐसा भी संभव नहीं है तो फिर कम से कम जिस तरह से आपकी सरकार ने संस्कृत पीजीटी की एडजस्टमेंट की है जिसकी 10 जनवरी को दूसरी सूची जारी हो चुकी है। पहली सूची दिसंबर-2023 में जारी की गई थी। वैसे ही तमाम प्रमोशन पाए हुए शिक्षकों का अस्थाई समायोजन ही कर दिया जाए।

अध्यापकों ने कहा कि इस संदर्भ में हम सिर्फ इतना निवेदन करना चाहते हैं कि आपकी सरकार ने संस्कृत पीजीटी की दो बार एडजस्टमेंट करके बेहतरीन कार्य किया है। मगर ऐसा ही आप दूसरों के साथ भी करें ताकि उन्हें भी राहत मिल सके और भेदभाव नजर ना आएं। क्या प्रमोशन पाएं हिंदी पीजीटी एक बार भी एडजस्टमेंट के हकदार नहीं है। जबकि दूर-दराज गए शिक्षकों के गृह जिलों में भी पद खाली है।

साथ ही 2022 में नियुक्त हुए टीजीटी इग्लिंश का भी तबादला हो ताकि ये अध्यापक जोकि नियुक्ति के समय से ही अस्थाई स्टेशन पर है, इन्हें स्थाई स्टेशन मिल सके। अध्यापकों ने बताया कि पिछले दिनों जेबीटी के लगभग बारह हजार के आस-पास अंतरजिला तबादले हुए हैं और कई विषयों की प्रमोशन लिस्टें भी जारी हुई हैं। नई नियुक्तियां भी हैं और ये सब लगभग पंद्रह से बीस हजार तक शिक्षक अभी अस्थाई स्टेशन पर बैठे हैं।

बहुत सारे शिक्षक एनिवेयर में बहुत दूर-दराज के स्टेशन पर बैठे हैं जबकि उनके यहां पद खाली हैं। उन्होंने मंत्री से उनकी समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

# डीएचबीवीएन के अधिकारिओ ने सिवानी में बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए लगाया जनता दरबार

## बिजली विभाग के अधिकारी जन समस्याओं को गंभीरता से लेकर करें निदान :एक्सईएन संजय रंगा





**सोनिका सूरा**

प्रदेश के वित्त दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसई अनुपम कटियार व एक्सईएन संजय रंगा ने सिवानी पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए शनिवार को जनता दरबार लगाया गया।

जनता दरबार में 250 से अधिक बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं की सुनवाई करते हुए अधिकांश मौके पर ही समाधान किया।

जनता दरबार में अधिकांश शिकायत ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़वाने, बिजली का बिल ठीक करवाने, ढाणियों में नए कनेक्शन दिलवाने, लाइन एवं ट्रांसफार्मर शिफ्ट करवाने, अतिरिक्त पोल लगवाने, कृषि क्षेत्र में बिजली के कनेक्शन दिलवाले आदि से संबंधित समस्याएं रखी गई।

अधीक्षण अभियंता अनुपम कटिहार व

एक्सईएन संजय रंगा ने जनता दरबार में आई समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी जन समस्याओं को गंभीरता से लेकर निदान करें और सरकार की योजना का फायदा पात्र व्यक्ति से पहुंचना सुनिश्चित करें।

सरकार के निदेर्शानुसार बिजली के कनेक्शन भी दिए जाएंगे इस मौके पर एसडीओ भूप सिंह,

सहित बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तथा अनेक बिजली उपभोक्ता व किसान उपस्थित रहे।

# हरियाणा के सिंचाई मंत्री बोले- पानी का मामला संवेदनशील

**नारनौल (हरियाणा)।** पानी का मामला बड़ा ही संवेदनशील है। हरियाणा सरकार ने कभी भी इस पर राजनीति नहीं की और इस तरह के मामलों में कभी किसी को राजनीति करनी भी नहीं चाहिए। यह बात नारनौल के आईटीआई मैदान में शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरियाणा के सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली की मंत्री आतिशी का बयान है कि हरियाणा द्वारा दिल्ली को पानी नहीं दिया जा रहा, यह गलत है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के हिस्से का जितना पानी बनता है हम उसे बड़ी ही ईमानदारी से दे रहे हैं। दिल्ली को 719 क्यूसिक पानी की जगह एक हजार 49 क्यूसिक पानी दिया जा रहा है और फिर भी अगर कोई अपनी राजनीति चमकाने के लिए हरियाणा पर आरोप लगाता है तो यह गलत है। इसे लेकर तीसरी पार्टी ने कई बार जांच कर ली और एक बार भी यह



नहीं पाया गया कि हरियाणा ने पानी कम दिया है। इस बात का मुद्दा बनाकर प्रतिदिन धरना प्रदर्शन करना ये उनका मसला है।

हमें इससे कोई लेना देना नहीं। मंत्री ने कहा कि प्रदर्शन कर समय बर्बाद करने से अच्छा वे अपनी आंतरिक व्यवस्था को ठीक करें तो बेहतर रहेगा। सिंचाई मंत्री ने बीते दिन जिला परिषद की बैठक में उनके क्षेत्र नांगल चौधरी के पार्षद द्वारा कई गांवों में उठाई गई पानी की कमी पर बोलते हुए कहा कि यह ठीक है कि कई गांवों में पानी की कमी है।

उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में इस तरह की परेशानी हो जाती है। उनका पूरा प्रयास है कि हर गांव तक पानी पहुंचे।

## भाजपा फरीदाबाद का नया अभियान: एक चिट्ठी विश्वास की

### एक चिट्ठी विश्वास की से कार्यकताओं को करेंगे सम्मानित : राजकुमार वोहरा



**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल कमल पर भाजपा फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा द्वारा "एक चिट्ठी विश्वास की" अभियान की शुरूआत करते हुए तहत ज़िला उपाध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रमुख लक्ष्मण तंवर और उनकी टीम को विश्वास पत्र देकर सम्मानित किया। "एक चिट्ठी विश्वास की" अभियान के तहत, जिला अध्यक्ष भाजपा फरीदाबाद राजकुमार वोहरा द्वारा प्रत्येक शक्ति केंद्र प्रमुख को एक व्यक्तिगत चिट्ठी प्रदान की जाएगी और भाजपा शक्ति केंद्र प्रमुखों और बूथ स्तर के कार्यकताओं को सम्मानित करेगी ।इन सम्मान समारोहों से भाजपा कार्यकताओं के उत्साहवर्धन और उनके योगदान की सराहना करना है । इस अभियान के शुभारंभ के अवसर पर अवसर पर जिला महासचिव मनोज वशिष्ठ, जिला सह मीडिया प्रमुख आभास अग्रवाल, अजरौंदा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहनी, इंजी. राकेश, फूल सिंह एडवोकेट, राजकुमार सैनी, दिवाकर सिंह युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, रोहित सैनी ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष, धीरज सैनी, संजय ठाकुर ताल, हुकम सिंह, प्रेम सैनी, मुकुल सैनी और प्रियांशु सैनी आदि उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के कार्यकताओं ने पूरी निष्ठा और मेहनत से कार्य किया जिससे लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर तीसरी बार फरीदाबाद लोकसभा से सांसद बने और मोदी मंत्रिमंडल में लगातार तीसरी बार मंत्री बने । इस अभियान का उद्देश्य कार्यकताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित करना और उनके विश्वास को मजबूत करना है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कार्यकताओं के बीच विश्वास की भावना को मजबूत करना है, ताकि भाजपा के प्रति उनका समर्थन और विश्वास और अधिक गहरा हो सके। "एक चिट्ठी विश्वास की" अभियान का मुख्य उद्देश्य कार्यकताओं और पार्टी नेतृत्व के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है जिससे कार्यकताओं और पार्टी नेतृत्व के बीच विश्वास की भावना को मजबूत हो सके । यह अभियान भाजपा फरीदाबाद के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जो कार्यकताओं के साथ संवाद को और अधिक मजबूत करेगी। इससे कार्यकताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सकेगा । राजकुमार वोहरा ने कहा उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हमेशा समाज और देश के लिए समर्पित रहते हैं और कार्यकताओं के सहयोग से हम एक मजबूत और समृद्ध फरीदाबाद का निर्माण कर सकते हैं।

# गरीब के घर में हर रोज दिवाली मनवाने का लें संकल्प: विकास एवं पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा

## गरीबी उन्मूलन के साथ भारत को विकसित बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों को दें मजबूती

**फरीदाबाद।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा ने उद्योगपतियों तथा समाज के समर्थ लोगों का आह्वान किया कि वे स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को अपनाकर गरीब के घर में हर रोज दिवाली मनवाने का संकल्प लें, जिसके लिए सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है। गरीबी उन्मूलन के साथ भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों को मजबूत बनाने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करें। विकास एवं पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा शनिवार को सूरजकुंड में आयोजित स्वयं सहायता समूहों की सीएक्सओ मीट को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे, जिसका आयोजन दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में किया गया। सीएक्सओ मीट का शुभारंभ करते हुए श्री ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया, जिसे हासिल करने के लिए प्रदेश सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है। भारत को पुनः विश्व गुरू बनाने के लिए देश की आधी आबादी (महिलाओं) को सशक्त बनाना होगा, जिसमें उद्योगपतियों का विशेष सहयोग अपेक्षित है। इसके लिए करोड़ों बहनों को लखपति दीदी बनाना है, जिसके लिए स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सफल प्रयास जारी है। प्रदेश में लगभग छह लाख बहनों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा गया है। अब सांझा बाजार स्थापित करके समूहों की बहनों को और अधिक अवसर प्रदान किये जायेंगे। उन्होंने सुझाव दिया कि सभी जिलों में पॉश इलाकों में समूहों की बहनों के लिए काउंटर दिलवाने की व्यवस्था की जाए। पंचायत मंत्री ने कहा कि कोपरेटिव विभाग भी उनके पास है, जिसके माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि के लिए प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि वे नगदी फसलों को लेकर किसानों के लिए एक पॉलिसी का निर्माण करवायेंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि एनसीआर में दूध-दही-घी की अत्यधिक मांग है, जिसे पूरा करने लिए वीटा बूथों को स्थापित करवायेंगे। सब्जियों की मांग को पूरा करने के लिए भी किसानों के सहयोग से नीतिबद्ध तरीके से काम करेंगे। उन्होंने अपने हैचरी उद्योग का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए विभिन्न उदाहरणों से समझाने का प्रयास किया कि देश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। प्रतिभाशाली युवाओं को सही प्लेटफार्म व अवसर प्रदान करने की जरूरत है। एक लाख रुपये से कम आय वाले लाखों परिवार है जिनमें रहने वाले युवाओं में हुनर की कोई कमी नहीं है। उनके हुनर को निखारने के लिए सरकार सहयोग देगी। जबकि पूर्व सरकारों ने इस दिशा में कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि गोबरधन योजना के तहत विद्युत उत्पादन की दिशा में कदम बढ़ायेंगे। विकास एवं पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा ने मिट्टी के बर्तन बनाने वाली स्वयं सहायता समूहों की बहनों की कला की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारी बहन पुनः पुरानी परंपरा की ओर लौटने का संदेश दे रही हैं, ताकि हमारा स्वास्थ्य अच्छा रहे। यदि हम मिट्टी के बर्तनों में भोजन करेंगे तो 95 प्रतिशत बिमारियों को घर से दूर रख सकते हैं। खान-पान में बदलाव कर घर की रसोई को बदल कर हम समूहों की बहनों को आर्थिक मजबूती देंगे और स्वयं को स्वस्थ रखेंगे। इससे उनके जीवन स्तर में परिवर्तन होगा जो कि उद्योगपतियों के सहयोग से संभव होगा। समूहों को आर्थिक संपन्नता की ओर आगे बढ़ाने में मदद प्रदान करें। उन्होंने कहा कि देश मजबूत बनाने के लिए पहले घर-परिवार को सुदृढ़ करना होगा, जिसके लिए आर्थिक रूप से ताकतवर बनाना जरूरी है। इसके लिए सरकार प्रयासरत है। युवाओं व महिलाओं को कौशल विकास देने के लिए कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। प्रदेश सरकार ने तो कौशल विकास के लिए पलवल में विश्वविद्यालय की स्थापना की है। इस दौरान कौशल विकास भारत सरकार के निदेशक एसके तिवारी तथा हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की सीईओ डा. अमरिंदर कौर ने अपने संबोधन में विस्तृत रूप में स्वयं सहायता समूहों तथा युवाओं के कौशल विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी। सीएक्सओ मीट के दूसरे सत्र में विस्तार से कौशल विकास पर चर्चा की गई। साथ में स्वयं सहायता समूहों को आगे बढ़ाने पर मंथन किया गया। इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ सतबीर सिंह मान, शिवम तिवारी आदि अधिकारी व उद्योगपति तथा गणमान्य व्यक्ति और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं मौजूद थी। इस अवसर पर कौशल प्रशिक्षण लेकर नौकरी हासिल करने वाले युवाओं सहित इस दिशा में बेहतरीन योगदान देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। विकास एवं पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्थापित स्टालों का किया अवलोकन कार्यक्रम के दौरान श्री ढांडा ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्थापित विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया और महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उद्घाटन समारोह में विकास एवं पंचायत मंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को संबोधित करते हुए उनके योगदान की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया।



उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और उनके इस प्रयास से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे समुदाय को लाभ हो रहा है। श्री ढांडा ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी जो महिलाओं के सशक्तिकरण और आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही हैं।

इस अवसर पर जिला परिषद के सीईओ श्री सतबीर मान भी उपस्थित थे। उन्होंने महिलाओं की उपलब्धियों की प्रशंसा की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया। श्री मान ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को एक मजबूत मंच मिला है जहाँ वे अपने उत्पादों को बाजार में प्रदर्शित कर सकती हैं और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकती हैं।कार्यक्रम में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों ने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जिसमें हस्तशिल्प, घरेलू सामान, जैविक उत्पाद और अन्य वस्तुएं शामिल थीं। इन स्टालों पर स्थानीय और पारंपरिक वस्तुओं की विविधता देखने को मिली, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं बल्कि वे अपने सांस्कृतिक धरोहर को भी संरक्षित कर रही हैं।सीएक्सओ मीट में महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और व्यवसाय में आने वाली चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा की। इस प्रकार के आयोजन न केवल महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं बल्कि उन्हें एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं।

# कांग्रेस की सरकार बनने पर कालोनियों का होगा नए स्वरुप में विकास : ललित नागर

## पूर्व विधायक ने श्याम कालोनी पार्ट-2 में सुनीं महिलाओं की समस्याएं

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र के अतर्गत आने वाली श्याम कालोनी पार्ट-2 के लोग सरकार व प्रशासन की लचर कार्यशैली के चलते नारकीय जीवन जीने को मजबूर हो रहे है। चेतन मार्केट सेहतपुर के साथ लगी इस कालोनी में व्याप्त समस्याओं को लेकर स्थानीय महिलाओं ने एक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रुप से तिगांव क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर ने शामिल होकर उनकी समस्याओं को सुना। महिलाओं ने बताया कि उनकी कालोनी में अधिकांश सडकें पूरी तरह से बदहाली का शिकार है, यहां जलभराव और कीचड़ फैला रहता है, जिससे आने जाने में राहगीरों को परेशानी होती है, कालोनी की गलियों की भी अमूमन यही हालत है, पक्की न होने के कारण गलियों में भी कीचड़ फैली रहती है और आने वाले समय में मानसून आने वाला है, जिसके चलते यहां हालात बद से बदत्तर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों से इस कालोनी में कोई सीवरेज की लाईन नहीं बिछाई गई, जिसके चलते लोगों को भारी परेशानियां पेश आती है वहीं बिजली की बात की जाए तो यहां खम्बों पर तारें लटकी रहती है, जिसमें अक्सर शॉर्ट सर्किट होता रहता है और बिजली गुल हो जाती है। वहीं पीने के पानी की भी यहां भारी किल्लत रहती है, लोगों को निजी टैंकरों से पानी खरीदना पडता है, जिसके चलते उनके जेबों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है, कई बार कहने के बावजूद अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती और उन्होंने अभी तक कालोनी में पानी के कोई व्यवस्था नहीं करवाई है। महिलाओं की समस्याएं सुनने के बाद पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है, यह केवल झूठ और जुमलेबाजों की सरकार है, इस सरकार में विकास के नाम पर एक ईट तक नहीं लगी और भाजपाई स्मार्ट सिटी का झूठा राग अलापकर लोगों को गुमराह करने में लगे हुए है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में जनता ने पांच सीटें कांग्रेस को जिताकर यह जनादेश दे दिया है कि आने वाले समय में हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनेगी और उसके बाद तिगांव क्षेत्र की सभी कालोनियों का नए स्वरुप में विकास किया जाएगा। उन्होंने महिलाओं को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को लेकर वह जल्द ही संबंधित अधिकारियों से मिलकर इन्हें दूर करवाने का भरसक प्रयास करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता रिजवान आजमी, कोमलवती, नुरजहां, सीता दूबे, शिव देवी, तापसी देवी, सुखबीरी, मनीषा देवी, भगवती, सरोज,वीना देवी, चंदावती सहित अनेकों महिलाएं मौजूद थी।



# भाजपा सरकार है पेपरलीक सरकार: चुन्नू राजपूत

## नीट परीक्षा स्कैम को लेकर युवा कांग्रेस ने फूंका केंद्रीय शिक्षामंत्री का पुतला

**फरीदाबाद।** नीट परीक्षा स्कैम और नेट परीक्षा पेपर लीक होने के विरोध में हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव चुन्नू राजपूत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने बल्लभगढ़ में केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला फूंकते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने मांग की कि जब तक छात्रों को न्याय नहीं मिलता, तब तक युवा कांग्रेस छात्रों की लड़ाई लड़ती रहेगी। इस मौके पर चुन्नू राजपूत ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में जो भी परीक्षा होती है उसमें कहीं ना कहीं पेपर लीक हो जाता है। ऐसा लगता है कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गई है। सरकार के इस फेल्योर का नुकसान युवाओं को झेलना पड़ रहा है, आज बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। श्री राजपूत ने कहा कि जब तक युवाओं को न्याय नहीं मिलेगा कांग्रेस सडकों पर बनी रहेगी। आज देश का युवा भाजपा सरकार की नीतियों एवं भ्रष्टाचार से आहत है। चाहे बात नौकरियों की हो या परीक्षा प्रतियोगिताओं की हर जगह सरकार का फेल्योर नजर आ रहा है। ऐसे में 24 लाख एन ई ई टी एवं 9 लाख यू जी के छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने नीट परीक्षा रद्द कर दोबारा से आयोजित किए जाने की मांग की। इस मौके पर बल्लभगढ़ युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष रणवीर सिंह, अंकित राघव, सुनील कुमार, वीर राजपूत, पंकज पाल, संजीव तिवारी, अभिषेक तिवारी, आकाश सिंह सहित अनेकों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।



# स्थानीय निकाय मंत्री के आदेश के बाद नगर निगम एक्शन मोड में

## एक कॉल से होगा गंदगी का उठान: निगमायुक्त

**फरीदाबाद।** गत दिवस फरीदाबाद दौर पर पहुंचे स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने सफाई को लेकर निगम अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। जिससे नगर निगम फरीदाबाद और विकास को लेकर चौकन्ना हो गया। निगमायुक्त मोना ए श्रीनिवासन के आदेश पर नगर निगम को चार जोनों में बांट कर चार एक्सईएन स्तर के अधिकारियों के अलावा 200 से ज्यादा सफाई व विकास से जुड़े अधिकारियों की ड्यूटियां लगाई गई है। मंत्री की फटकार के बाद एक्शन मोड़ में आए निगम अधिकारी समूचे क्षेत्र से गुजरने वाले नाले-नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान दे रहे है तथा बरसातों पूर्व सभी ड्रेनेज को दुरूस्त कर लिया जाएगा।



ओल्ड फरीदाबाद में तैनात एक्सईएन ने कहा कि उन्होंने लोगों को राहत प्रदान करने के लिए तिगांव रोड़, इंदिरा काम्पलैक्स, सैक्टर-87, सेहतपुर रोड़, शिव कालोनी, कृष्णा कालोनी, पल्ला नम्बर-1, वेदराम कालोनी, सेहतपुर मेन, नहरपार तिगांव रोड़, चौ. चरण सिंह मार्ग नजदीक खेड़ीपुल, पदम नगर इंदिरा काम्पलैक्स कालोनी सैक्टर-87 सहित समूचे क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को पंखे लगाए है साथ ही 50 से ज्यादा सीवरेज के ढक्कन भी बदल दिए गए है। एक्सईएन ने कहा कि आगामी पांच दिनों में सीवरेज, पानी, सफाई और विकास कार्यों की गति को और भी तेज कर दिया जाएगा।

# सेक्टर-16 ए गीता मंदिर पार्क में किया पौधरोपण



**फरीदाबाद:** सेक्टर-16 ए स्थित गीता मंदिर पार्क में शनिवार को साईं मित्र मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संस्था के पदाधिकारियों ने आम लोगों के साथ मिलकर गुलमोहर , मोरपंखी एवं टिकोमा के पौधे लगाए।

संस्था के संस्थापक नरेंद्र जैन ने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग एवं प्रदूषण से बचाव के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण ही एकमात्र रास्ता है। इसलिए सभी को पौधरोपण करना चाहिए। बरसाती सीजन में सभी मिलकर पौधरोपण करें। संस्था की ओर से समय-समय पर पौधरोपण किया जाता है। कार्यक्रम में राकेश गुप्ता , रामचंद्र भगत , इंद्र मोहन गुप्ता , वीके गुप्ता , प्रभु दयाल व नरेंद्र अरोड़ा विशेष तौर पर उपस्थित थे।

# विधायक राजेश नागर ने निगम आयुक्त के संग की विकास कार्यो की समीक्षा

## बोले, विकास कार्यों को पूरा करने की गति बढ़ाएं

**फरीदाबाद।** तिगांव के भाजपा विधायक राजेश नागर ने फरीदाबाद नगर निगम की आयुक्त मोना ए श्रीनिवासन के साथ समीक्षा बैठक की। श्री नागर ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों की स्पीड बढ़ाएं क्योंकि देरी से मिला विकास व्यर्थ जाता है। नागर ने कहा कि विकास कार्यों को एक सही गति से चलाया जाए जिससे कि जनता का पैसा सही जगह और सही समय पर उनके काम आ सके।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विकास कार्यों को गति देने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं जिसमें कोई अधिकारी ढिलाई ना बरतें। उन्होंने मोना श्रीनिवास से कहा कि वह अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को इस बारे में ताकीद कर दें कि किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपए के विकास कार्य तिगांव विधानसभा क्षेत्र में चल रहे हैं लेकिन समयबद्ध तरीके से पूरे नहीं होंगे तो ऐसे विकास का क्या फायदा। ऐसे में अधिकारियों की इतनी बड़ी फौज का क्या फायदा। दूसरा हमारे क्षेत्र में चल रहे अनेक काम में आम जनता को परेशानी की खबरें आ रही हैं। इन समस्याओं को दूर करें।

बैठक में नागर ने पल्ला बाईपास रोड, चेतन मार्केट रोड, पल्ला सेहतपुर रोड, तिलपत रोड को तेजी से बनाने की बात कही। वहीं तिलपत में स्टेडियम बनाने की योजना को भी गति देने के लिए कहा। विधायक ने यहां कॉलोनियों में अमृत योजना के कार्य, विभिन्न कॉलोनी में टाइल्स के कार्य और सेहतपुर पेट्रोल पंप के आगे नल का कार्य करवाने आदि अनेक प्रोजेक्ट की समीक्षा की।



श्री नागर ने सेक्टर 37ए अशोका एन्क्लेव और पल्ला में अतिक्रमण हटाने की योजना के विषय में जानकारी ली वहीं सेक्टर 28 की मार्केट में एक टॉयलेट निर्माण करने, कृष्णा कॉलोनी में व्यायाम शाला बनाने के लिए, पलवली का श्मशान घाट रोड बनाने और राजीव नगर में ट्यूबवेल बोरिंग करवाने की भी जानकारी ली। 13 गांव में जोहड़ों की सफाई विधायक राजेश नागर ने अपने विधानसभा क्षेत्र के 13 गांव में बने जोहड़ों की सफाई करवाने के लिए भी निगम आयुक्त से कहा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं के तहत इन जोहड़ों की सफाई अति आवश्यक है। इससे जोहड़ बचे रहेंगे और हमारे पास प्राकृतिक जलाशय भी बने रहेंगे। उन्होंने तुरंत प्रभाव से कॉलोनियों के रोड़ और नालों की सफाई के बारे में भी कर्मचारियों को निर्देश देने के लिए कहा।

बैठक में आयुक्त मोना श्रीनिवासन ने विधायक राजेश नागर को विश्वास दिलाया कि सभी कार्यों को समय पर किया जा रहा है और यह सब जल्द ही पूरे हो जाएंगे। वहीं उन्होंने अन्य कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इस बैठक में संयुक्त आयुक्त सुमित कुमार, सीनियर सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर ओमबीर, एसडीओ ओपी कर्दम, सुनील ठाकरान एवं ओमदत्त आदि मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले 3 महीने से फरार चल रहे आरोपी को खेड़ीपुल पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** खेड़ीपुल थाने की टीम ने दुष्कर्म के मुकदमे में 3 महीने से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अंकित तोमर है जो साउथ दिल्ली के मोलड़बंद एक्सटेंशन का रहने वाला है और फिलहाल गाजियाबाद में किराए के मकान पर रह रहा था। 28 मार्च को खेड़ीपुल थाने में दुष्कर्म की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने शादी का झांसा देकर 28 वर्षीय शादीशुदा महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। उस समय दोनों सैक्टर 86 स्थित एक सपा सेंटर में काम करते थे और करीब 6 महीने से एक-दूसरे को जानते थे। आरोपी ने महिला को अपने जाल में फंसाकर शादी का झांसा दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद मार्च में आरोपी की शादी हो गई और उधर महिला आरोपी से गर्भवती थी। महिला को जब आरोपी की शादी के बारे में पता चला तो उसने पुलिस में इसकी शिकायत दी जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश की गई। पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए आरोपी बिहार भाग गया जिसकी तलाश के लिए पुलिस ने कई जगह छापेमारी की परंतु आरोपी बार-बार बचता रहा। अब पुलिस ने इस मामले में सफलता हासिल करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।



## केंद्र सरकार में नवनियुक्त प्रभारी, सांसद व मंत्रियो का सम्मान समारोह 23 जून को : नरेंद्र पटेल



**अनिल मोहनियां नूंह**

गत दिनों पूर्व हुए लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों द्वारा भारी बहुमत से जीत कर मान्य प्रधानमंत्री व पार्टी का मान बढाया वो बहुत ही काबिले तारीफ है प्रदेश से गत दिनो पुर्व केंद्र सरकार में मंत्री बने एवं नवनियुक्त प्रदेश चुनाव प्रभारी केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, प्रदेश के चुनाव सह प्रभारी व लोकसभा सांसद बिप्लब कुमार, नवनिर्वाचित सांसद पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल , मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के केंद्र सरकार में मंत्री बनाये जाने एवं उनके साथ चौधरी धर्मबीर और नवीन जिंदल का सम्मान समारोह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की गरिमामयी उपस्थिति में कल प्रातः दस बजे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंगल कमल सेक्टर-36अ सनसिटी रोहतक में आयोजित किया जायेगा । उक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी के जिला अद्यक्ष नरेंद्र पटेल ने व जिला मीडिया प्रभारी नूंह व पार्षद गौरव जैन ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया की कल रोहतक में प्रदेश के नव निर्वाचित सांसदो का व नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी व सह प्रभारी का सम्मान प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की गरिमामय उपस्थिती व भारतीय जनता पार्टी के हजारो कार्यकर्ताओ की उपस्थिती में प्रदेश कार्यालय मंगल कमल सेक्टर-36अ सनसिटी रोहतक सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा! भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी नूंह व पार्षद गौरव जैन ने पार्टी के कार्यकर्ताओ से आह्वान किया की नवनिर्वाचित भावी सांसदों के सम्मान समारोह में अपनी गरिमामय उपस्थिती दर्ज कराये। नरेंद्र पटेल ने कहा कि पार्टी कार्यकताओं में पूरा जोश है और पार्टी की विचारधारा के साथ नित नए लोग जुड़ रहे है । नरेंद्र पटेल ने कहा कि कल होने वाले सम्मान समारोह से भारी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे और अपने नेताओं का स्वागत करेंगे।

# भीड़ द्वारा हिंसा के खिलाफ संसद में कड़ा कानून लाया जाए

## अब समय आ गया है कि धर्मनिरपेक्ष दल कानून बनाने के लिए संसद में आवाज उठाएं:- मौलाना अरशद मदनी

**अनिल मोहनियां नूंह**

अध्यक्ष जमीयत उलमा-ए-हिंद मौलाना अरशद मदनी ने छत्तीसगढ़ और अलीगढ़ में हुई मॉबलंचिंग की घटनाओं पर गहरा दुख और सख्त गुस्सा प्रकट करते हुए कहा कि हालांकि वर्तमान लोकसभा चुनाव में देश के अधिकतर लोगों ने सांप्रदायिकता और नफरत की राजनीति को खारिज कर दिया है मगर इसके बावजूद पिछले कुछ वर्षों से संप्रदायवादियों ने लोगों के दिल-ओ-दिमाग में नफरत का जो जहर भरा है वो पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। छत्तीसगढ़ और अलीगढ़ की यह घटनाएं इसका प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि एक बार फिर बदमाशों ने दरिंदगी और क्रूरता का प्रदर्शन करके मानवता के दामन को दागदार कर दिया है। मौलाना मदनी ने कहा कि सुप्रीमकोर्ट के कड़े निर्देश के बावजूद इस प्रकार की दुखद घटनाओं का सिलसिला रुक नहीं रहा है। जबकि 17 जुलाई 2018 को इस प्रकार की घटनाओं पर क्रोध व्यक्त करते हुए सुप्रीमकोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि कोई व्यक्ति कानून को अपने हाथ में नहीं ले सकता। अदालत ने इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए केंद्र को अलग से कानून बनाने का निर्देश दिया था। अब अगर इसके बाद भी इस प्रकार की अमानवीय घटनाएं हो रही हैं तो इसका साफ मतलब है कि जो लोग ऐसा कर रहे हैं, उन्हें कानून का कोई भय नहीं है। उन्हें यह भी विश्वास है कि अगर पकड़े भी गए तो उनका कुछ नहीं होने वाला क्योंकि सुप्रीमकोर्ट के निर्देश के बाद भी संसद में अलग से कोई कानून नहीं लाया गया। कुछ राज्यों को छोड़कर किसी ने भी भीड़ द्वारा हिंसा के खिलाफ कानून नहीं बनाया।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के निकट आरंग नामी स्थान पर बदमाशों के एक समूह ने पशुओं से लदे एक ट्रक को रोक लिया और ड्राईवर समेत अन्य दो युवकों को इतना पीटा कि उन्होंने दम तोड़ दिया। उनका सम्बंध उत्तर प्रदेश के सहारनपुर और शामली जिलों से है। उनमें से एक की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई थी जबकि अन्य ने अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया था। उनके नाम चांद मियां और गुड्डू खान हैं। जबकि तीसरे युवक सद्दाम खान की भी बाद में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

मौलाना मदनी ने कहा कि भीड़ द्वारा हिंसा सामाजिक नहीं, एक राजनीतिक समस्या है और इसे राजनीतिक रूप से ही हल किया जा सकता है। इसलिए अब समय आगया है कि स्वयं को धर्मनिरपेक्ष कहने वाले दल इसके खिलाफ खुल कर मैदान में आएं और भीड़ द्वारा हिंसा के खिलाफ कानून बनाने के लिए सरकार पर दबाव डालें। उन्होंने यह भी कहा कि ताजा घटना से इस बात की पुष्टि हो गई कि भीड़ द्वारा हिंसा को रोकने के लिए न तो केंद्र गंभीर है और न ही राज्य। बदली हुई राजनीतिक परिस्थिति में इसके खिलाफ पूरी ताकत के साथ धर्मनिरपेक्ष दलों को आवाज उठानी चाहीए, आखिर इस तरह कब तक मुट्ठी भर लोग कानून को हाथ में लेकर एक विशेष वर्ग को अपनी क्रूरता का शिकार बनाते रहेंगे? उन्होंने आगे कहा कि अखबारी रिपोर्टों के अनुसार ट्रक पर भैंसें लदी हुई थीं। जबकि भैंसों की खरीद-फरोख्त पर रोक नहीं है, फिर सांप्रदायिक तत्वों ने ऐसा क्यों किया? इसका जवाब बहुत आसान है कि धर्म और नफरत के आधार पर ऐसा किया। मौलाना मदनी ने बकरईद के अवसर पर उड़ीसा के बालासोर में होने वाली घटना पर भी गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि देश भर में सांप्रदायिक तत्वों का मनोबल ऊंचा है, क्योंकि उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं होती। मुसलमानों के खिलाफ यह सब कुछ योजनाबद्ध तरीके से हो रहा है।

ऐसा करने वालों की गर्दनों पर कानून के हाथ नहीं पहुंच पाते। एक ओर तो केवल शक के आधार पर घरों पर बुलडोजर चलवा दिया जाता है वहीं दूसरी ओर मानव जीवन से खेलने वाले आजाद घूम रहे हैं। आज के नए भारत की यह एक सच्ची और भयानक तस्वीर है। इन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की घटना में मेरी सूचना के अनुसार अब तक किसी गिरफ्तारी का न होना यह बताता है कि कानून लागू करने वालों के लिए मुसलमानों के जान का कोई मूल्य नहीं रह गया है, इसलिए अब समय आगया है कि स्वयं को धर्मनिरपेक्ष कहने वाली पाटीर्यां इस बर्बरता और क्रूरता के खिलाफ न केवल संसद में आवाज उठाएं बल्कि कड़ा कानून लाने के लिए सरकार पर दबाव डालें। जमीयत उलमा-ए-हिंद यह मांग करती है कि ऐसे लोगों को अदालत से सख़्त से सख़्त सजा मिलनी चाहिए ताकि दूसरे लोग इससे कुछ सबक सीख सकें।

अगर ऐसा नहीं हुआ तो हत्याओं का यह सिलसिला इसी प्रकार से देश भर में चलता रहेगा।

## 14 विभिन्न फसलों पर बढ़ाई गई एम एस पी अपर्याप्त नासिर हुसैन अड़बर

### एमएससी पर फसलों की खरीद की गारंटी का बने कानून नासिर हुसैन अड़बर



**अनिल मोहनियां नूंह**

जननायक जनता पार्टी के युवा नेता व ज़िला प्रवक्ता नासिर हुसैन बदरूद्दीन अड़बर ने केंद्र सरकार की ओर से 14 विभिन्न फसलों पर बढ़ाई गई एमएससी की अपर्याप्त बताया है कि एक ओर केंद्र सरकार स्वयं को किसान हितैषी होने दंभ भरती है मगर उन्हें आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने की बजाए कुछ फसलों पर मामूली एमएससी बढ़ाकर उन्हें भ्रमित करने का प्रयास कर रही है जिसकी आलोचना की जानीं चाहिए उतनी कम है नासिर ने कहा कि वर्ष 2014 में भाजपा सरकार ने किसानों की आय दुगुनी करने का आश्वासन दिया था मगर सता में तीसरी मर्तबा भागीदारी करने के बावजूद स्थित जस की तस है किसानों की आय दुगुनी करने की बजाए कृषि संसाधनों के मूल्यों में वृद्धि करके उन्हें आर्थिक तौर पर कमजोर किया गया है नासिर हुसैन बदरूद्दीन अड़बर ने कहा कि केंद्र सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जब तक देश के किसानों को पूर्ण आर्थिक मजबूती प्रदान नहीं की जाएगी तब तक देश पूरी तरह से खुशहाल नहीं बनाया जा सकता कृषक व कृषि को बहत्तर बनाकर ही देश विश्व में आर्थिक रूप से तीसरी शक्ति बन सकता है उन्होंने कहा कि बजाए किसानों को मामूली रूप से लाभवित करने के लिए एमएससी पर फसलों की खरीद की गारंटी का कानून बनना चाहिए ताकि देश के करोड़ों किसानों का भविष्य सुरक्षित हो सके।

## मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ मेवात के बीमार लोगों की उम्मीदों पर पूरा नहीं उतर रहा है

### खलील अहमद अध्यक्ष आसिफ अली महासचिव मेवात विकास मंच

**अनिल मोहनियां नूंह**

शहीद हसन खां मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ मेवात के बीमार लोगों की उम्मीदों पर पूरा नहीं उतर रहा है गौरतलब है भयंकर गर्मी और तेज गर्म हवाओं के कारण मैरिज और उनके तामीरदार दोनों ही बेहाल हैं। किसी भी वार्ड में एसी और कूलर का कोई प्रबंध नहीं है मरीजों की देखरेख के लिए आए तामीरदार के लिए भी पंखा आदि की व्यवस्था न होने के चलते सारे दिन गर्मी में बेहाल परेशान नजर आते है। मेडिकल कॉलेज की तीन ,चार, पांच व छठी मंजिल पर तो गर्मी बहुत ही ज्यादा देखने को मिल रही है जिसके चलते मरीज बेहद परेशान है यह कॉलेज अरावली की श्रृंखला में बना हुआ है हवा का दबाव सामान्य स्थान से ज्यादा तेज होता है पहाड़ के तपने के बाद यहां हवा और ज्यादा गर्म हो जाती है जिसके चलते पूरे मेडिकल कॉलेज के मरीज बेहद परेशान नजर आते हैं दूसरा बहुत कम बीमारियों के यहां विशेषज्ञ यहा पर हैं विरोषज्ञ चिकित्सकों का घोर अभाव है बहुत लंबे समय से यहां अल्ट्रासाउंड नहीं हो रहे हैं जिसके चलते बाहर से पैसा देकर मरीजों को एक्स रे और अल्ट्रासाउंड करवाने को मजबूर है। अक्सर कर देखा गया है इमरजेंसी वार्ड में रात के समय मरीजों को सही प्रकार से उपचार नहीं मिलता है और उन्होंने तुरंत प्रभाव से अन्य शहर दिल्ली रोहतक आदि के लिए रेफर कर दिया जाता हैं और चिकित्सकों का मरीजों के प्रति रवैया और वहां काम करने वाला स्टाफ का रवैया भी आने वाले मरीजों के प्रति कुशल नही होता है। अक्सर कर देखा जाता है की छोटी.छोटी बीमारियों के लिए भी तुरंत मरीजो को रेफर हायर सेंटर



कर दिया जाता है जबकि सरकार ने इस कॉलेज पर बहुत बड़ी राशि खर्च की है उम्मीद थी कि यहां के लोगों को अब किसी भी बीमारी के उपचार के लिए रोहतक दिल्ली आदि एनसीआर के बड़े अस्पताल या प्राइवेट बड़े अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है क्षेत्र के लोगों को बहुत कम सेवाओं का मिल रहा है दवाइयां का रात के समय घोर भाव होता है इस संबंध में मेवात विकास मंच के अध्यक्ष खलील अहमद एडवोकेट रुपड़िया महासचिव आसिफ अली का कहना है मेडिकल कॉलेज अस्पताल की स्वास्थ्य सेवा में तुरंत प्रभाव से सुधार किया जाए सभी बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात किए जाएं पेयजल वगैरा की उचित व्यवस्था की जाए अस्पताल के सभी वार्डों में भीषण गर्मी को देखते हुए एसी या कूलरों की व्यवस्था की जाए दूसरा मरीज के साथ आए हुए तामीरदारों के वेटिंग रूम के सभी पंखों को ठीक कराया जाए या उन में कमरो व गैलरी पखो की व्यवस्था की जाए अधिकांश लिफट खराब पड़ी रहती हैं उनमें रोशनी और पंखे के भी व्यवस्था नहीं है हर लिफ्ट में लिफ्ट मैन तैनात किया जाए आसिफ अली ने बताया कि इन सभी समस्याओं को लेकर जिला ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में भी पिछले वर्ष रखा गया था कॉलेज प्रशासन ने वादा किया था कि सभी कमियां दूर की जाएगी लेकिन आज तक किसी एक कमी को भी दूर नहीं किया गया बल्कि कि दिन प्रति दिन मरीजों की परेशानी मेडिकल कॉलेज में बढ़ती ही जा रही है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज मे ना हृदय रोग विशेषज्ञ है और न्यूरोसर्जन और ना ही रेडियोलोजिस्टिव की सुविधा उपलब्ध हैं इसलिए हम प्रदेश सरकार से आग्रह करते है कि सभी समस्याओं को दूर कर सभी वार्डों में पेयजल शौचालय की सुविधा के साथ एसी और कूलरों का प्रबंध किया जाए सभी दवाइयां मुहैया कराई जाए इमरजेंसी में आने वाले मरीज के लिए भी अलग से रात के समय फामेर्सी खोले जाए। जब इस बारे मे मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉक्टर मुकेश वरिष्ठ से फोन पर बात की गई जो उन्होंने बताया है कुछ दिनों पहले मेडिकल कॉलेज मे समस्या बनी हुई थी लेकिन जब ने मैने चार्ज लिया है तब से मैने समस्या को हल करने के लिए भरसक कदम उठाये जैसे वे पीने के पानी की समस्या चाहे साफ सफाई की व्यवस्था हों हम उन्हें दूर कर दिया हैं । हम ने हाल ही नई एक्स -रे मशीन लगा दी हैं और एक नई एक्स -रे मशीन जल्द ही लगा दी जाऐगी लेकिन कुछ समस्या बनी हुई है जैसे न्यूरोलॉजिस्ट अल्ट्रा साउड सपेसलिट हृदय रोग विरोषज्ञ की और नई एक्सरे मशीन जिन के लिए हम ने डिमाड भेज दी हैं और जल्द ही हमें विरोषज्ञ चिकित्सक भी मिल जाएंगे और हम ने हाल मे 200 से अधिक जूनियर और सीनियर डॉक्टरों की भर्ती की हैं और जल्द की मरीजों की समस्या को दूर कर उचित इलाज किया जाऐगा।

## सौलर पैनल लगवाने पर पात्र परिवारों को मिलेगी सब्सिडी उपयुक्त धीरेंद्र खड़गटा

### योजना का लक्ष्य बिजली बिल कम करके ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देना

**अनिल मोहनियां नूंह**

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत हरियाणा के एक लाख गरीब परिवारों को सौर ऊर्जा उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा 1.10 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना का लक्ष्य लोगों के घरों का बिजली बिल कम करने के अलावा ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देना भी है ताकि भविष्य मे अन्य स्त्रोतों के माध्यम से बनाई गई बिजली पर निर्भरता मे कमी की जा सके। इस योजना से पर्यावरण को फायदा मिलेगा।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरूआत की जा चुकी है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने अंबाला में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में इस योजना का शुभारंभ किया है। उन्होंने बताया कि जिस परिवार की सालाना आय 1 लाख 80 हजार रुपये तक है, ऐसे परिवारों को 2 किलोवाट तक सौलर पैनल लगवाने पर 60 हजार रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा तथा 50 हजार रुपये तक की अतिरिक्त सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। योजना के तहत लगाए जाने वाले सोलर पैनल की उत्पादन क्षमता 300 यूनिट मासिक तक है। इसी तरह जिन परिवारों की सालाना आय 1.80 लाख से 3 लाख रुपये तक है, ऐसे परिवारों को 2 किलोवाट तक सोलर पैनल लगवाने पर 60 हजार रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा तथा 20 हजार रुपये तक की अतिरिक्त सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए केंद्र सरकार सोलर पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट पीएमसूर्याघर डॉट जीओवी डॉट आईएन अथवा स्थानीय ऊर्जा विभाग कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन-उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा

### चयनित बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा किया जाएगा पुरस्कृत

**अनिल मोहनियां नूंह**

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2025 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि बाल पुरस्कार को दो श्रेणियों नामतः बाल वीरता पुरस्कार व बाल उत्कृष्टता पुरस्कार में विभाजित किया गया है। दोनों श्रेणियों में कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। दोनों ही पुरस्कारों में एक-एक लाख रुपए की राशि एवं एक मैडल सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने चयन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा प्राप्त आवेदनों की छंटनी की जाएगी उसके उपरांत फाइनल नामों का सिलेक्शन नेशनल कमेटी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए राज्य सरकार, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन, जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट, पंचायती राज संस्थाएं। सभी केंद्रीय और राज्य स्कूल बोर्ड, केंद्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय संगठन, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राष्ट्रीय जन सहयोग और बाल विकास संस्थान, सामाजिक न्याय मंत्रालय, विकलांग विभाग, शिक्षा मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा के सभी राज्य विभाग, युवा मामले मंत्रालय,

## उमेर कटारिया ने किया नूंह का नाम रोशन

### इण्यिन एयरफोर्स में खेल कोटे से हुआ चयन



**अनिल मोहनियां नूंह**

नूंह शहर के वार्ड नंबर 3 में रहने वाले उमेर कटारिया ने अपने मां बाप के साथ साथ नूंह का नाम रोशन किया है। उमेर कटारिया का इण्यिन एयरफोर्स में खेल कोटे से चयन हुआ है जिससे परिवार व आसपास के लोगों में खुशी का माहौल है।

उमेर कटारिया को शुरू से ही वेटलिफ्टिंग का काफी शौक था। उमेर ने वर्ष 2017 में आबिद हुसैन इंटरनेशनल वेटलिफ्टर से कोचिंग ली तथा उनके छोटे भाई जाकिर हुसैन (हरियाणा पुलिस)और जसवत कोच पलवल से भी वेटलिफ्टिंग के गुर सीखे। वही उमेर के बड़े भाई अकरम कटारिया भी राष्ट्रीय खिलाड़ी हे उनका भी उमेर के लिए बड़ा सहयोग रहा हे। उमेर का यमुनानगर वेटलिफ्टिंग रेजिडेंसल एकेडमी में मार्च 2023 में सिलेक्शन हुआ और वहा पर योगेश शर्मा वेटलिफ्टिंग कोच के अंडर में प्रैक्टिस करके इंटर कालेज चैंपियन बना उसके बाद चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में आल इण्डिया इंटर युनिवर्सिटी मे भाग लिया । यमुनानगर वेटलिफ्टिंग रजिडेंशल अकेडमी में जाने के बाद अच्छी परफॉर्मेंस आई और योगेश कोच की उमेर कटारिया के ऊपर कड़ी मेहनत रंग लाई और इसी हाई परफॉर्मेंस से इण्यिन एयरफोर्स में खेल कोटे से चयन हुआ। वही उमेर कटारिया ने पहला नेशनल उडिसा 2023 और उसके बाद खेलो इण्डिया खेलों में भाग लिया।

उमेर कटारिया के पिता याकूब कटारिया व माता हमसीरा ने अपने लाडले की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की है। उमेर कटारिया की इस कामयाबी पर हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन ने खुशी जाहिर करते हुए कहा की उमेर कटारिया का खेल कोटे से भर्ती होना मेवात वासियों के लिऐ बहुत बड़ी खुशी का विषय हे और वह दिन दूर नहीं जब उमेर कटारिया अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मेवात क्षेत्र का नाम रोशन करेगा और जहाँ कहीं भी उमेर कटारिया को खेल क्षेत्र में जरूरत पड़ेगी तो वह हर समय उनके लिये तैयार हैं।

# अपना हुनर पहचान के लिए विद्यार्थियों को मिला एक बेहतर मंच: उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा

## विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के लिए आयोजित किया जा रहा टाबर उत्सव

**अनिल मोहनियां नूंह**

उपायुक्त धीरेंद्र धीरेंद्र खड़गटा के मार्गदर्शन में गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल - 2,नूह में एक जून से चल रहा टाबर उत्सव बच्चों में एक नई दिशा और ऊर्जा का संचार कर रहा है कक्ला एवं संस्कृति विभाग के मूर्ति कला अधिकारी हृदय कौशल ने विद्यालय पहुंचकर कार्यक्रम का अवलोकन किया कउन्होंने सभी बच्चों से बड़े इत्मीनान से बातें कर उनके विचार जाने और उन्होंने जो भी अब तक इस कार्यक्रम में सीखा है उसको देखा कउन्होंने हर एक पहलू को बड़े बारीकी से देखा और विद्यार्थियों के साथ बैठकर उन्हें मूर्ति कला, पॉटरी ,पेंटिंग,कशीदाकारी आदि की बारीकियां समझाई । इसके साथ ही उन्होंने कला के क्षेत्र में कैसे एक उज्जवल भविष्य बनाया जा सकता है। इस विषय पर भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया क उन्होंने बताया की डॉ व इंजीनियर से आगे भी बढ़कर विद्यार्थियों के लिए एक उज्जवल भविष्य कला के रूप में है ।इसके लिए अपने हुनर को पहचान कर सही मार्गदर्शन के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है क हरियाणा सरकार का टाबर उत्सव के रूप में यह एक सार्थक प्रयास है क



जो विद्यार्थी अपनी झिझक या मौका नहीं मिलने के कारण अपने हुनर को आगे नहीं ला पाते, यह टाबर उत्सव उन्हें एक मंच वह माध्यम प्रदान कर रहा है क

इस अवसर पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूह की छात्रा सानिया ने बताया कि वह नियमित रूप से यहां आ रही है और उसे सबसे ज्यादा पी ओ पी से मूर्ति बनाने में आ रहा है। वही दूसरी ओर गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल 2, नूंह की छात्रा लक्ष्मी ने बताया की टाबर उत्सव में जाकर उसका पेंटिंग का शौक निखर गया है क गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल के ही छात्र नमन और केशव ने कहा कि अब तक हम कुम्हार को मिट्टी से कलाकृतियां बनाते दूर से ही देखते थे पर यहां आकर अपने हाथों से बनाना सीखा क इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य पंकज चौहान स्टाफ सविता रानी, पूजा, सुनील कुमार ,रोशन आरा,रवि,राकेश तथा प्रशिक्षक कन्हैया लाल व अस्मीना उपस्थित थे क विद्यार्थियों की लगन व मेहनत देखकर हृदय कौशल ने उनके कार्य की भरपूर प्रशंसा की एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा किया जा रहा सहयोग की भी सराहना की।

उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि आगे भी हरियाणा सरकार, कला एवं संस्कृति विभाग व शिक्षा विभाग मेवात में नए-नए आयाम स्थापित करने में हमेशा अग्रणी भूमिका में रहेगा व विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में तत्पर रहेगा।